**Series : HMJ/5**

**SET – 1**

कोड नं.
Code No. **58/5/1**

रोल नं.
Roll No.

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | |

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख्य-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.

| | नोट | | NOTE |
|---|---|---|---|
| (I) | कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **15** हैं । | (I) | Please check that this question paper contains **15** printed pages. |
| (II) | प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें । | (II) | Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate. |
| (III) | कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **34** प्रश्न हैं । | (III) | Please check that this question paper contains **34** questions. |
| (IV) | **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।** | (IV) | **Please write down the Serial Number of the question in the answer-book before attempting it.** |
| (V) | इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका में कोई उत्तर नहीं लिखेंगे । | (V) | 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period. |

# अर्थशास्त्र (सैद्धान्तिक)

# ECONOMICS (Theory)

*निर्धारित समय : 3 घंटे* | *अधिकतम अंक : 80*

*Time allowed : 3 hours* | *Maximum Marks : 80*

**सामान्य निर्देश :**

**निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका अनुपालन कीजिए :**

*(i)* *प्रश्न–पत्र में **दो** खण्ड हैं – क और ख । **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।*

*(ii)* *प्रश्न संख्या **1** से **10** और **18** से **27** अतिलघुउत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **1** अंक का है । इनका उत्तर **एक** शब्द या **एक** वाक्य में दीजिए ।*

*(iii)* *प्रश्न संख्या **11 – 12** और **28 – 29** लघुउत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **3** अंकों का है । इनका उत्तर लगभग **60** से **80** शब्दों में दीजिए ।*

*(iv)* *प्रश्न संख्या **13** से **15** और **30** से **32** भी लघुउत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **4** अंकों का है । इनका उत्तर लगभग **80** से **100** शब्दों में दीजिए ।*

*(v)* *प्रश्न संख्या **16 – 17** और **33 – 34** दीर्घउत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **6** अंकों का है । इनका उत्तर लगभग **100** से **150** शब्दों में दीजिए ।*

*(vi)* *उत्तर संक्षिप्त तथा बिंदुवार होना चाहिए और साथ ही उपरोक्त शब्द सीमा का यथासंभव पालन कीजिए ।*

*(vii)* *प्रश्न–पत्र कोई समग्र विकल्प नहीं है । तथापि, **एक–एक** अंक वाले **दो** प्रश्नों में, **तीन–तीन** अंकों वाले **दो** प्रश्नों में, **चार–चार** अंकों वाले **दो** प्रश्नों में और **छः–छः** अंकों वाले **दो** प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं । ऐसे प्रश्नों में **केवल एक ही विकल्प का उत्तर** लिखिए ।*

*(viii)* *इसके अतिरिक्त, आवश्यकतानुसार, प्रत्येक खण्ड और प्रश्न के साथ यथोचित निर्देश दिए गए हैं ।*

## खण्ड – क

## (समष्टि अर्थशास्त्र)

1. एक अर्थव्यवस्था में साख उपलब्धता को कम करने के लिए, केन्द्रीय बैंक _______

(सही विकल्प का चयन करें)

(क) खुले बाज़ार में प्रतिभूतियाँ क्रय कर सकता है ।

(ख) खुले बाज़ार में प्रतिभूतियाँ विक्रय कर सकता है ।

(ग) आरक्षित अनुपात में कमी कर सकता है ।

(घ) रेपो रेट में कमी कर सकता है । 1

***General Instructions :***

***Read the following instructions very carefully and strictly follow them :***

*(i)* *Question paper comprises two Sections – **A** and **B**. All questions are compulsory.*

*(ii)* *Question number **1 – 10** and **18 – 27** are very short-answer questions carrying **1** mark each. They are required to be answered in **one** word or **one** sentence each.*

*(iii)* *Question number **11 – 12** and **28 – 29** are short-answer questions carrying **3** marks each. Answers to them should not normally exceed **60 – 80** words each.*

*(iv)* *Question number **13 – 15** and **30 – 32** are also short-answer questions carrying **4** marks each. Answers to them should not normally exceed **80 – 100** words each.*

*(v)* *Question number **16 – 17** and **33 – 34** are long answer questions carrying **6** marks each. Answers to them should not normally exceed **100 – 150** words each.*

*(vi)* *Answer should be brief and to the point also the above word limit be adhered to as far as possible.*

*(vii)* *There is no overall choice. However, an internal choice has been provided in **2** questions of **one** mark, **2** questions of **three** marks, **2** questions of **four** marks and **2** questions of **six** marks. Only **one** of the choices in such questions have to be attempted.*

*(viii)* *In addition to this, separate instructions are given with each section and question, wherever necessary.*

## SECTION – A
## (Macro-economics)

1. To reduce credit availability in the economy, the Central Bank may ______.

(Choose the correct alternative)

(a) buy securities in the open market.

(b) sell securities in the open market.

(c) reduce reserve ratio.

(d) reduce repo rate. **1**

2. सरकार द्वारा विगत् वर्षों के ऋण पर ब्याज भुगतान _______ घाटे में सम्मिलित होता है ।

(रिक्त स्थान की पूर्ति सही उत्तर द्वारा करें) **1**

3. उल्लेख करें, कि निम्नलिखित कथन सत्य है अथवा असत्य ।

"माल-सूची (inventory) एक स्टॉक चर है ।" **1**

4. निम्नलिखित में से क्या एक 'साधन भुगतान' नहीं हैं ? (सही विकल्प का चयन करें)

(क) रक्षा कर्मियों को मुफ्त वर्दी

(ख) संसद सदस्यों का वेतन

(ग) इमारत के मालिक को दिया गया किराया

(घ) विद्यार्थियों को दी गई छात्रवृत्ति **1**

5. अल्परोज़गार की परिस्थिति में निम्नलिखित में से कौन सा विकल्प सही नहीं है ? (सही विकल्प का चयन करें)

(क) समग्र माँग और समग्र पूर्ति बराबर होते हैं ।

(ख) अर्थव्यवस्था में अतिरिक्त उत्पादन क्षमता मौजूद होती है ।

(ग) संसाधनों का पूर्णतम तथा कुशलतम प्रयोग नहीं होता है ।

(घ) संसाधनों का पूर्णतम तथा कुशलतम प्रयोग होता है । **1**

6. उल्लेख करें, कि निम्नलिखित कथन सत्य है अथवा असत्य ।

"सभी वित्तीय संस्थाएँ बैंकिंग संस्थाएँ होती हैं ।" **1**

7. संयुक्त कारक आय, जिसे कारक आय के विभिन्न घटकों में पृथक नहीं किया जा सकता ________ कहलाती है । (रिक्त स्थान की पूर्ति सही उत्तर द्वारा करें) **1**

8. यदि सीमांत बचत प्रवृत्ति (MPS) 0.25 तथा निवेश में प्रारंभिक परिवर्तन ₹ 250 करोड़ है, तो आय में अंतिम परिवर्तन ________ होगा । (सही विकल्प का चयन करें)

(क) ₹ 1,000 करोड़ (ख) ₹ 1,200 करोड़

(ग) ₹ 500 करोड़ (घ) ₹ 3,500 करोड़ **1**

9. 'सार्वजनिक वस्तुओं' को परिभाषित करें । **1**

2. _______ deficit includes interest payment by the Government on the past loans.

(Fill up the blanks with correct answer). **1**

3. State, whether the following statement is true or false :

'Inventory is a stock variable.' **1**

4. Which of the following is not a 'factor payment' ?

(Choose the correct alternative)

(a) Free uniform to defence personnel.

(b) Salaries to the Members of Parliament.

(c) Rent paid to the owner of a building.

(d) Scholarship given to the students. **1**

5. In case of an underemployment equilibrium, which of the following alternative is not true ? (Choose the correct alternative)

(a) Aggregate demand is equal to Aggregate supply.

(b) There exist excess production capacity in the economy.

(c) Resources are not fully and efficiently utilised.

(d) Resources are fully and efficiently utilised. **1**

6. State, whether the following statement is true or false :

'All financial Institutions are banking institutions.' **1**

7. Combined factor income, which can't be separated into various factor income components is known as ________.

(Fill up the blanks with correct answer). **1**

8. If Marginal Propensity to Save (MPS) is 0.25 and initial change in investment is ₹ 250 crores, then the final change in income would be ______. (Choose the correct alternative)

(a) ₹ 1,000 crores (b) ₹ 1,200 crores

(c) ₹ 500 crores (d) ₹ 3,500 crores **1**

9. Define the term 'Public Goods'. **1**

10. निवल घरेलू स्थायी पूँजी निर्माण + स्टॉक में परिवर्तन = _________.

(सही उत्तर द्वारा रिक्त स्थान की पूर्ति करें) 1

**अथवा**

जब मौद्रिक सकल घरेलू उत्पाद (GDP) ₹ 840 करोड़ है तथा कीमत सूचकांक 120 हो, तो वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (GDP) ________ होगा ।

(सही विकल्प द्वारा रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए ।)

(क) ₹ 700 करोड़ (ख) ₹ 900 करोड़

(ग) ₹ 800 करोड़ (घ) ₹ 500 करोड़ 1

11. 'उत्पादकों को दिया गया उपदान, हस्तांतरण भुगतान की तरह माना जाना चाहिए ।' दिए गए कथन का उचित कारण सहित समर्थन अथवा खंडन करें । 3

**अथवा**

एक द्वि-क्षेत्रक अर्थव्यवस्था में आय के चक्रीय प्रवाह की व्याख्या करें । 3


12. बाज़ार कीमत पर सकल मूल्य वृद्धि की गणना करें :

| क्र. सं. | विवरण | राशि (₹ लाख में) |
|---|---|---|
| (i) | मूल्यह्रास | 20 |
| (ii) | घरेलू बिक्री | 200 |
| (iii) | स्टॉक में परिवर्तन | (–)10 |
| (iv) | निर्यात | 10 |
| (v) | एकल प्रयोग निर्माता वस्तुएँ | 120 |

3

13. "आय की असमानता को कम करने में कराधान एक प्रभावशाली उपकरण है ।" दिए गए कथन का उचित कारणों द्वारा औचित्य सिद्ध करें । 4

14. दिए हुए चित्र में 'KT' अंतराल क्या प्रदर्शित करता है ? इस परिस्थिति के समाधान के लिए किन्हीं दो राजकोषीय उपायों का उल्लेख करें ।




4

10. Net Domestic Fixed Capital Formation + Change in Stock = _________.
(Fill up the blank with correct answer) **1**

**OR**

When Nominal Gross Domestic Product (GDP) is ₹ 840 crores and price Index is 120, then the Real Gross Domestic Product (GDP) will be ________. (Fill up the blank with correct alternative)

(a) ₹ 700 crores  (b) ₹ 900 crores
(c) ₹ 800 crores  (d) ₹ 500 crores **1**

11. 'Subsidies to the producers, should be treated as transfer payments.' Defend or refute the given statement with valid reason. **3**

**OR**

Explain Circular Flow of Income in a two sector economy. **3**


12. Calculate Gross Value Added at Market Price :

| S. No. | Particulars | (₹ in lakh) |
|---|---|---|
| (i) | Depreciation | 20 |
| (ii) | Domestic Sales | 200 |
| (iii) | Change in Stocks | (–)10 |
| (iv) | Exports | 10 |
| (v) | Single use producer goods | 120 |

**3**

13. 'Taxation is an effective tool to reduce the inequalities of income.' Justify the given statement with valid reasons. **4**

14. In the given figure, what does the gap 'KT' represent ? State any two fiscal measures to correct the situation.




**4**

**दृष्टिबाधित छात्रों के लिए :**

अपस्फीतिक अंतराल से क्या तात्पर्य है ? अपस्फीतिक अंतराल की स्थिति को ठीक करने के किन्हीं दो मौद्रिक उपयों को दर्शाइए । 4

**अथवा**

समझाइए कि, अधिमांग को नियंत्रित करने में 'रिवर्स रेपो रेट' किस प्रकार सहायता करता है ? 4

15. केन्द्रीय बैंक के "सरकार के बैंक, सलाहकार तथा एजेंट" कार्य की व्याख्या करें । 4

16. (क) 'घरेलू वस्तुओं और सेवाओं की माँग' तथा 'वस्तुओं और सेवाओं की घरेलू माँग' की अवधारणाओं में विभेद करें । 3

    (ख) 'चालू खाते के घाटे' तथा 'चालू खाते के अतिरेक' में अंतर स्पष्ट करें । 3

17. दिए गए आँकड़ों के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर दें :

    (i) नियोजित निवेश = ₹ 100 करोड़

    (ii) $C = 50 + 0.50Y$

    (क) आय के संतुलन स्तर की गणना करें । 2

    (ख) आय के संतुलन स्तर पर बचत के मूल्य की गणना करें । 2

    (ग) निवेश गुणक के मूल्य की गणना करें । 2

**अथवा**

निम्न परिस्थितियों में समायोजन तंत्र की कार्यप्रणाली की चर्चा कीजिए :

(क) यदि समग्र आपूर्ति की तुलना में समग्र माँग अधिक हो । 3

(ख) यदि प्रत्याशित बचत (Ex-Ante Savings) की तुलना में प्रत्याशित निवेश (Ex-Ante Investment) कम हो । 3

**FOR BLIND CANDIDATES**

What is meant by deflationary gap ? State any two fiscal measures to correct the situation of deflationary gap. **4**

**OR**

Explain, how the 'Reverse Repo Rate' helps in correcting Excess Demand in an economy ? **4**

15. Discuss the function of Central Bank as 'Banker, Agent and Advisor' to the Government. **4**

16. (a) Differentiate between the concepts of 'demand for domestic goods and services' and 'domestic demand for goods and services'. **3**

(b) Distinguish between 'Current Account Deficit' and 'Current Account Surplus'. **3**

17. Answer the following questions based on the data given below :

(i) Planned Investments = ₹ 100 crore.

(ii) C = 50 + 0.50 Y

(a) Determine the equilibrium level of income. **2**

(b) Calculate the value of Savings at equilibrium level of National Income. **2**

(c) Calculate the value of Investment Multiplier. **2**

**OR**

Discuss the working of the adjustment mechanism in the following situations :

(a) If Aggregate demand is greater than Aggregate supply. **3**

(b) If Ex-Ante Investments are less than Ex-Ante Savings. **3**

## खण्ड – ख

### (भारतीय अर्थव्यवस्था का विकास)

18. 'आयात प्रतिस्थापन' की नीति का लक्ष्य ______ उद्योगों को संरक्षण देना था ।

(सही उत्तर द्वारा रिक्त स्थान की पूर्ति करें) 1

19. निम्नलिखित में से क्या धारणीय विकास की एक रणनीति के तौर पर प्रयोग नहीं की जाती है ?

(सही विकल्प का चयन करें)

(क) गोबर गैस का प्रयोग (ख) सौर ऊर्जा का प्रयोग

(ग) तापीय ऊर्जा का प्रयोग (घ) जलीय ऊर्जा का प्रयोग 1

20. मातृ मृत्यु दर ______ (चीन/पाकिस्तान) में अधिक है । (सही विकल्प से रिक्त स्थान की पूर्ति करें ।) 1

21. 'विपणित अधिशेष' का अर्थ लिखें । 1

**अथवा**

'सहायिकी' का अर्थ लिखें । 1

22. उल्लेख करें, कि निम्नलिखित कथन सत्य है या असत्य ।

"2018 की मानव विकास रिपोर्ट के अनुसार भारत 180वीं पायदान पर था ।" 1

23. यदि एक निर्माण स्थल के प्रबंधक ने दो मजदूरों को दैनिक मजदूरी आधार पर काम दिया है तो, इस प्रकार की स्थिति को ______ (औपचारिक/अनौपचारिक) क्षेत्रक के अंतर्गत सम्मिलित किया जाएगा ।

(सही उत्तर द्वारा रिक्त स्थान की पूर्ति करें) 1

24. निम्नलिखित में से किस राष्ट्र ने सन् 1991 में आर्थिक सुधारों की प्रक्रिया का आरंभ किया था ?

(सही विकल्प का चयन करें)

(क) पाकिस्तान (ख) भारत

(ग) रूस (घ) चीन 1

## SECTION – B

## (Indian Economic Development)

18. Policy of 'Import Substitution' was targeted to protect ______ industries.

(Fill up the blank with correct answer) **1**

19. Which of the following is not used as a strategy for Sustainable Development ? (Choose the correct alternative)

(a) Use of bio-gas (b) Use of solar power

(c) Use of thermal power (d) Use of hydel power **1**

20. Maternal Mortality Rate is high in ________ (China/Pakistan).

(Fill up the blank with correct alternative) **1**

21. State the meaning of 'Marketed Surplus'. **1**

**OR**

State the meaning of 'Subsidy'. **1**

22. State, whether the following statement is true or false :

"As per the Human Development Report, 2018, India was ranked at 180$^{th}$ position." **1**

23. If a construction site Manager hires two workers on daily wages basis, such a situation is covered under ______ (formal/informal) sector.

(Fill up the blank with correct alternative) **1**

24. Which of the following countries initiated its process of Economic Reforms in the year 1991 ? (Choose the correct alternative)

(a) Pakistan (b) India

(c) Russia (d) China **1**

25. ______ (शहरी/ग्रामीण) क्षेत्र में भारतीय श्रम बल के घटक के रूप में महिला श्रमिकों का अनुपात अधिक पाया जाता है । (रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए सही विकल्प का चयन करें) 1

26. उल्लेख करें, कि निम्नलिखित कथन सत्य है या असत्य ।

"GATT की स्थापना सन् 1923 में 48 सदस्य राष्ट्रों के साथ हुई थी ।" 1

27. चीनी गणराज्य के संदर्भ में 'GLF' का अर्थ ________ है । (सही विकल्प का चयन करें)

(क) Giant Leap Forward (ख) Great Lead Forum

(ग) Great Leap Forward (घ) Giant Lead Forum 1

28. भारत में 'श्रमशक्ति के अनौपचारीकरण' की संकल्पना को संक्षेप में समझाएँ । 3

**अथवा**

भारत में ग्रामीण विकास के समक्ष प्रस्तुत किन्हीं तीन चुनौतियों का उल्लेख करें । 3

29. मान्य कारणों द्वारा भारत तथा चीन के दिए गए आँकड़ों की तुलना और विश्लेषण करें ।

| राष्ट्र | जनसंख्या की वार्षिक दर (2015) | लिंगानुपात (प्रति हज़ार पुरुष) |
|---|---|---|
| भारत | 1.2% | 929 |
| चीन | 0.5% | 941 |

**स्रोत** : विश्व विकास संकेतक, 2015 3

30. 1991 के आर्थिक सुधारों के अंतर्गत "वित्तीय क्षेत्रक" में भारत सरकार द्वारा लिए गए किन्हीं दो प्रमुख कदमों का उल्लेख करें । 4

25. Greater proportion of women workers are found in ______ (urban/rural) areas as a component of Indian work force.

(Choose the correct alternative) **1**

26. State, whether the following statement is true or false :

"GATT was established in 1923 with 48 member countries." **1**

27. 'GLF' with respect to the People's Republic of China referred to as ______.

(Choose the correct alternative).

(a) Giant Leap Forward (b) Great Lead Forum

(c) Great Leap Forward (d) Giant Lead Forum **1**

28. Discuss briefly the concept of 'Informalisation of workforce' in India. **3**

**OR**

State any three challenges facing rural development in India. **3**

29. Compare and analyse the given data of India & China, with valid reasons.

| **Country** | **Annual Growth rate of population (2015)** | **Gender Ratio (Per thousand males)** |
|---|---|---|
| India | 1.2% | 929 |
| China | 0.5% | 941 |

**Source :** World Development Indicators, 2015. **3**

30. Discuss briefly any two major steps taken by the Government of India on 'Financial Sector' front under the Economic Reforms of 1991. **4**

31. स्वतंत्रता पूर्व भारत की व्यावसायिक संरचना की किन्हीं दो प्रमुख विशेषताओं का वर्णन करें। **4**

**अथवा**

भारतीय अर्थव्यवस्था के योजना उद्देश्य के तौर पर 'समानता के साथ संवृद्धि' के चयन के औचित्य का संक्षेप में वर्णन करें। **4**

32. भारत में विद्युत क्षेत्र के समक्ष आने वाली किन्हीं दो समस्याओं पर चर्चा करें। **4**

33. (क) स्पष्ट करें कि 'मानव पूँजी में निवेश' किस प्रकार एक अर्थव्यवस्था की संवृद्धि में सहयोग देता है।
(ख) 'कृषि विपणन' के अर्थ का उल्लेख करें। **4, 2**

34. भारतीय स्वतंत्रता से अब तक कार्यान्वित किए गए निर्धनता निवारण कार्यक्रमों के परिणामों की समीक्षा करें। **6**

**अथवा**

(क) 'ग्रामीण भारत के लिए उज्जवला योजना प्रमुख परिवर्तक रही है।' ऐसे किन्हीं तीन गैर–पारम्परिक ईंधनों का उल्लेख करें जिनके प्रयोग को कम करने की दिशा में उज्जवला योजना कार्य कर रही है।

(ख) "अर्थशास्त्रियों का मानना है कि इच्छित परिणामों को प्राप्त करने के लिए भारत को शिक्षा पर कम से कम GDP का 6% व्यय करना चाहिए।"

दिए गए कथन का औचित्य मान्य कारणों द्वारा सिद्ध करें। **3, 3**

31. Discuss briefly any two salient features of India's pre-independence occupational structure. **4**

**OR**

Discuss briefly, the rationale behind "equity with growth" as planning objectives for Indian Economy. **4**

32. State and discuss any two problems faced by power sector in India. **4**

33. (a) Explain, how does 'Investment in Human Capital' contributes to growth of an economy.

(b) State the meaning of 'Agricultural Marketing'. **4, 2**

34. Critically examine the results of Poverty Alleviation Programmes implemented in India since Independence. **6**

**OR**

(a) "Ujjawala Yojana has been a game changer for rural India." State any three conventional fuels being targeted under the Ujjawala Yojana.

(b) "Economists believe that India should spend atleast 6% of its GDP on Education for achieving desired results."

Justify the statement with valid reason. **3, 3**